872(E)
05/02/2026

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 4/2/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, रोसड़ा के अन्तर्गत Construction work of Rosera Bypass (North) from Kalwara Chowk (2nd Km. of Rosera-Hathauri Kothi Road) to Dharha (SH-88) via Lalpur, Mohammadpur, Pawra and Rosera Bypass (South) from Rahua (Km. 26th of SH-55) to Daulatpur (37th Km. of SH-55) Total Length-12.815 Km. for the year 2024-25 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–11.09.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–2940 दिनांक–11.09.2025 द्वारा संसूचित है में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, उत्तर के पत्रांक–2988(अनु०) दिनांक–17.09.2025 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–17.09.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा तथा विभागीय पत्रांक–7940(E)We दिनांक–26.11.2025 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3768(अनु०) दिनांक–15.12.2025 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–15.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं संशोधित अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Construction work of Rosera Bypass (North) from Kalwara Chowk (2nd Km. of Rosera-Hathauri Kothi Road) to Dharha (SH-88) via Lalpur, Mohammadpur, Pawra and Rosera Bypass (South) from Rahua (Km. 26th of SH-55) to Daulatpur (37th Km. of SH-55) Total Length-12.815 Km. for the year 2024-25 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, रोसड़ा। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹8718.95 लाख।<br>विभागीय पत्रांक–913(एस०) दिनांक–05.02.2025 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹6956.19 लाख। मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–1024(अनु०) दिनांक–28.03.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹7090.80167 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 18 (Eighteen) Months (Excluding Non-working Period) for Construction work. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 02.09.2025 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा है। विभागीय पत्रांक–4776(E) दिनांक–22.07.2025 द्वारा निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निदेश दिया गया। |

3. विषयांकित पुनर्निविदा में निम्नलिखित 03 (तीन) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/s Veena Singh (2) Rai Raj Construction Pvt. Ltd.

(3) Sona Infracon Private Limited

**4.** उपभागीय ज्ञापांक–2940 दिनांक–11.09.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–11.09.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में उक्त निविदा में तीन निविदाकारों में से दो निविदकार यथा (1) M/s Veena Singh एवं (2) Rai Raj Construction Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में सफल एवं शेष एक निविदाकार Sona Infracon Private Limited को SBD के ITB-Cl. 4.3 (j) एवं ITB- Cl. 4.8 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया।

विभागीय निदेश के अनुसार दो कार्य दिवस में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त होने पर सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत ही वित्तीय बीड खोलने हेतु निदेश दिया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक–2940 दिनांक–11.09.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–11.09.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय के संदर्भ में विषयांकित कार्य का निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार Sona Infracon Private Limited के पत्रांक–MD/SIPL/2025-26/167 दिनांक–12.09.2025 द्वारा निविदा के तकनीकी बीड में सफल दो निविदाकारों यथा (1) M/S Veena Singh एवं Rai Raj Construction Pvt. Ltd. के विरूद्ध परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिपेक्ष्य में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2988(अनु०) दिनांक–17.09.2025 द्वारा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा तथा विभागीय पत्रांक–7940(E)We दिनांक–26.11.2025 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3768(अनु०) दिनांक–15.12.2025 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–15.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं संशोधित अनुशंसा समर्पित की गयी है।

6. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के उक्त निर्णय के विरूद्ध तकनीकी बीड में असफल निविदाकार Sona Infracon Private Limited के पत्रांक–MD/SIPL/2025-26/167 दिनांक–12.09.2025 द्वारा तकनीकी बीड में सफल दोनों निविदाकार M/S Veena Singh एवं Rai Raj Construction Pvt. Ltd. के विरूद्ध परिवाद समर्पित किया गया है। उपभागीय पत्रांक–2988(अनु०) दिनांक–17.09.2025 द्वारा परिवाद की समीक्षा विभागीय निविदा समिति के अनुमोदन हेतु समर्पित किया गया। विभागीय पत्रांक–7940(E)we दिनांक–26.11.2025 के आलोक में परिवाद की पुनः समीक्षा की गई जो निम्नवत् है:–

**परिवाद की समीक्षा :–**

| | परिवाद | समीक्षा |
|---|---|---|
| 1. | Sona Infracon Private Limited. द्वारा प्राप्त परिवाद :–<br>(a) M/s Veena Singh के विरूद्ध परिवाद<br>विषयांकित निविदा के एक निविदाकार M/s Veena Singh की निविदा प्रक्रिया के तहत प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों में संलग्न Litigation History में NIL दर्शाया गया है, जबकि माननीय उच्च न्यायालय पटना में निविदाकार का वाद संख्या–MJC-1818/2022 लंबित है। जिस कारण यह SBD कि कंडिका 4.3 (j) के आलोक में वांछित अर्हत्ता को पूर्ण नहीं करते है। | इस परिवाद के संबंध में उपभागीय पत्रांक–2967(अनु०) दिनांक–13.09.2025 से M/s Veena Singh को अपना पक्ष रखने के लिए सूचित किया गया। Veena Singh द्वारा अपने पत्र दिनांक–15.09.2025 के माध्यम से संसूचित किया गया है कि जिस Litigation History का उल्लेख Sona Infracon Private Limited. द्वारा किया गया है उससे संबंधित Case No. CWJC-10937/2021 है जो दिनांक–18.02.2022 को माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा Dispose किया जा चुका है। (High Court Patna के Website पर इसे सही पाया गया।)<br>इनके द्वारा यह भी प्रतिवेदित है कि उक्त वाद से संबंधित पारित आदेश के उपरांत संबंधित विभाग से भुगतान नहीं होने के वाद इनके द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में अवमाननावाद MJC-1818/2022 दिनांक– 08.09.2022 दायर किया गया था। इसके बाद संबंधित कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल, समस्तीपुर के पत्रांक–624, दिनांक–27.09.2022 द्वारा निर्गत तार्किक आदेश माननीय उच्च न्यायालय, पटना को अवमाननावाद में समर्पित किया जा चुका है। तार्किक आदेश के उपरांत इन्हें भुगतान किया जा चुका है एवं इसकी सूचना माननीय उच्च |

| | | |
|---|---|---|
| | | न्यायालय पटना को दिया जा चुका है। इससे स्पष्ट होता है कि CWJC-10937/2021 का अनुपालन हो चुका है।<br>इस परिस्थिति में अवमाननावाद MJC-1818/2022 दिनांक–08.09.2022 को Litigation की श्रेणी में संवेदक को दर्शाने की बाध्यता नहीं है, क्योंकि संबंधित CWJC में पारित आदेश का अनुपालन हो चुका है। परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |
| | निविदाकार M/s Veena Singh के निविदा दस्तावेज में Proposed Methodology and Programme of Construction से संबंधित कागजात संभवतः समर्पित नहीं किया गया है। जिस कारण यह SBD कि कंडिका 4.3 (l) के आलोक में वांछित अर्हत्ता को पूर्ण नहीं करते है। | विभागीय पत्रांक–6158 दिनांक–09.07.2014 के आलोक में Programme of Construction, Eligibility Criteria में है। M/s Veena Singh द्वारा 18 माह का Programme of Construction, Bar chart के रूप में निविदा में संलग्न किया गया है। परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |
| | निविदाकार M/s Veena Singh के निविदा दस्तावेज में Balance Work/Existing Commitment से संबंधित कागजात में Engineer In-Charge का प्रमाण पत्र संभवतः नहीं लगाया गया है। जिस कारण यह SBD कि कंडिका 4.7 के आलोक में वांछित अर्हत्ता को पूर्ण नहीं करते है। | M/s Veena Singh द्वारा SBD के Section-2, Qualification Information के कंडिका 1.4 के आलोक में स्वहस्ताक्षरित Existing Commitment निविदा में दर्शाया गया है।<br>इनके द्वारा दिये गए Existing Commitment के आधार पर इनका Bid Capacity ₹22425.43 lac है, जो वांछित अर्हत्ता ₹7090.80167 लाख से अधिक है।<br>विभागीय पत्रांक–7940 (E)we दिनांक–26.11. 2025 से प्राप्त निदेश के आलोक में परिवाद की पुनः समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत पाया गया कि विभागीय पत्रांक–6158 (S) दिनांक–09.07.2014 के आलोक में Bid Capacity द्वितीय प्रक्रम में है। अतः इस विभागीय निदेश एवं SBD के ITB Clause-22.4 के आलोक में निविदाकार द्वारा Uploaded Existing Commitment का प्रमाण पत्र संबंधित Engineer-in Charge से एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराने हेतु उपभागीय |

| | | |
|---|---|---|
| | | पत्रांक–3637 (अनु0) दिनांक–02.12.2025 से निविदाकार M/s Veena Singh निदेश दिया गया, साथ ही उक्त प्रमाण–पत्र ससमय प्राप्त नहीं होने की स्थिति में निविदाकार M/s Veena Singh को Non-Responsive घोषित करने हेतु सूचित किया गया। M/s Veena Singh द्वारा कुल दस कार्यों का Existing Commitment दर्शाया गया है। परन्तु अभी तक सिर्फ दो कार्यों का Engineer In-Charge से निर्गत Existing Commitment का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया है।<br>अतः M/s Veena Singh को SBD के ITB Clause 22.4 के आलोक में Non-Responsive घोषित करते हुये तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की जाती है। |
| | निविदाकार M/s Veena Singh के निविदा दस्तावेज में Availability of Key Items of Contractor's Equipment से संबंधित दस्तावेज संभवतः समर्पित नहीं किया गया है। जिस कारण यह SBD कि कंडिका 4.5(B)(a) के आलोक में वांछित अहर्त्ता को पूर्ण नहीं करते है। | SBD के ITB Clause 4.5 B(a) में प्रावधानित है कि निविदाकार को Availability (Either owned or Leased or by procurement against mobilisation advances) of the key Equipment for the Work दर्शाना है। M/s Veena Singh द्वारा Undertaking देकर Key Equipments की Availability दर्शायी गयी है साथ ही इनके द्वारा शपथ पत्र दिया गया है कि "I, the undersigned declare that all equipment and machinery necessary for execution of the work and instructed by the Engineer-in Charge which are not presently owned by the company will be arranged and provided to the work by "either owned or leased/hire" for successful execution of the work."<br>इस प्रकार ये SBD के ITB Clause 4.5 B(a) की अहर्त्ता को पूर्ण करते है। परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |

| | | |
|---|---|---|
| | निविदाकार M/s Veena Singh के निविदा दस्तावेज में Key Personnel से संबंधित दस्तावेज संभवतः समर्पित नहीं किया गया है। जिस कारण यह SBD कि कंडिका 4.5(B)(b) के आलोक में वांछित अहर्त्ता को पूर्ण नहीं करते है। | SBD के ITB Clause 4.5 B(b) में प्रावधानित है कि निविदाकार को Availability for this work of Personnel with adequate experience as required दर्शाना है। M/s Veena Singh द्वारा Undertaking के माध्यम से 12 Degree अभियंता एवं 4 Diploma अभियंता का availability दर्शाया गया है। साथ ही इनके द्वारा शपथ पत्र दिया गया है कि I, the undersigned declare that, the all key Personnel necessary for execution of the work and instructed by the Engineer-in-charge will be recruited and provided to the work for Successful execution of the work. अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |
| | (b) Rai Raj Construction Pvt. Ltd. के विरूद्ध परिवाद :–<br>विषयांकित निविदा के अन्य निविदाकार Rai Raj Construction Pvt. Ltd. के द्वारा प्रस्तुत किए गए निविदा दस्तावेजों में संलग्न Balance Work/Existing Commitment से संबंधित कागजात में Engineer In-Charge का प्रमाण पत्र संभवतः नहीं लगाया गया है। जिस कारण यह SBD कि कंडिका 4.7 के आलोक में वांछित अहर्त्ता को पूर्ण नहीं करते है। | Rai Raj Construction Pvt. Ltd द्वारा SBD ds Section-2, Qualification Information के कंडिका 1.4 के आलोक में स्वहस्ताक्षरित Existing Commitment निविदा में दर्शाया गया है।<br>इनके द्वारा दिये गए Existing Commitment के आधार पर इनका Bid Capacity 26757.06 lac है जो वांछित अहर्त्ता ₹ 7090.80167 लाख से अधिक है।<br>विभागीय पत्रांक–7940(E)we दिनांक–26.11.2025 से प्राप्त निदेश के आलोक में परिवाद की पुनः समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत पाया गया कि विभागीय पत्रांक–6158 (S) दिनांक–09.07.2014 के आलोक में Bid Capacity द्वितीय प्रक्रम में है। अतः इस विभागीय निदेश एवं SBD के ITB Clause-22.4 के आलोक में निविदाकार द्वारा Uploaded Existing Commitment का प्रमाण पत्र संबंधित Engineer-in Charge से एक सप्ताह के अन्दर कराने हेतु उपभागीय पत्रांक–3638 |

| | | |
|---|---|---|
| | | (अनु0), दिनांक–02.12.2025 से Rai Raj Construction Pvt. Ltd. को निदेश दिया गया, साथ ही उक्त प्रमाण–पत्र ससमय प्राप्त नहीं होने की स्थिति में निविदाकार Rai Raj Construction Pvt. Ltd. को Non-Responsive घोषित करने हेतु सूचित किया गया।<br>Rai Raj Construction Pvt. Ltd द्वारा कुल नौ कार्यों का Existing Commitment निविदा में दर्शाया गया है। Engineer-in Charge से प्राप्त प्रमाण पत्र के आधार पर पाया गया कि Rai Raj Construction Pvt. Ltd द्वारा OPRMC-2/Package No.-12B एवं Road Cutting of PQC/ Bituminous Surface of Different Roads under Road Division Begusari for Laying Pipe line for Sewage System under Namami Gange Scheme Proposed by BUIDCO, Begusarai Under OPRMC-II Package No.-12 B Road Division Begusarai का Existing Commitment निविदा में क्रमशः 2.0 Cr एवं 3.0 Cr दर्शाया गया है। Engineer-in Charge से प्राप्त प्रमाण पत्र के अनुसार उक्त कार्यों के लिए निविदा की तिथि को Existing Commitment क्रमशः 10.95184 Cr एवं 7.2163 Cr है। इस प्रकार Rai Raj Construction Pvt. Ltd द्वारा निविदा में वास्तविक Existing Commitment से कम राशि दर्शाया गया है। अतः इन्होने निविदा में गलत सूचना अंकित की है।<br>अतः इन्हें SBD के ITB Clause-4.8 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की जाती है। |

| | | |
|---|---|---|
| | निविदाकार Rai Raj Construction Pvt. Ltd. के द्वारा प्रस्तुत किए गए निविदा दस्तावेजों में Bids Already Submitted से संबंधित कागजात संभवतः संलग्न नहीं किया गया है। जिस कारण यह SBD कि कंडिका 4.7 के आलोक में वाछित अहर्त्ता को पूर्ण नहीं करते है। | Rai Raj Construction Pvt. Ltd. के द्वारा Bids Already Submitted निविदा, में दर्शाया गया है। परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |

**निष्कर्ष** :– तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षोपरांत एवं सम्यक विचारोपरान्त निविदाकार Sona Infracon Private Limited के पत्रांक–MD/SIPL/2025-26/167 दिनांक–12.09.2025 द्वारा दिये गये परिवाद को मान्य करते हुए उपभागीय ज्ञापांक–2940 दिनांक–11.09.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–11.09.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा लिये गये निर्णय को संशोधित करते हुए तीनों निविदाकार (1) M/s Veena Singh (2) Rai Raj Construction Pvt. Ltd. एवं (3) Sona Infracon Private Limited को तकनीकी बीड में असफल घोषित कर पुनर्निविदा की अनुशंसा की जाती है।

7. मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–174(अनु०) दिनांक–21.01.2026 के माध्यम से पथ प्रमंडल, रोसड़ा के अन्तर्गत Construction work of Rosera Bypass (North) from Kalwara Chowk (2nd Km. of Rosera-Hathauri Kothi Road) to Dharha (SH-88) via Lalpur, Mohammadpur, Pawra and Rosera Bypass (South) from Rahua (Km. 26th of SH-55) to Daulatpur (37th Km. of SH-55) Total Length-12.815 Km. for the year 2024-25 की निविदा में दिये गये परिवाद के संबंध में अनुंशसा के साथ प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। प्राप्त प्रतिवेदन तथ्य निम्नांकित की गई है, जो निम्नवत् हैः–

"उपर्युक्त विषयक निविदा दिनांक–01.09.2025 को प्राप्त की गई, जिसमें तीन निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया। दिनांक–11.09.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दो निविदाकारों (1) M/s Veena Singh एवं (2) Rai Raj Construction Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में सफल घोषित किया गया तथा शेष एक निविदाकार Sona Infracon Pvt. Ltd. को SBD के ITB-Cl.4.3(j) एवं 4.8 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया। तकनीकी बीड मूल्यांकन के उपरान्त परिवाद अवधि (दो कार्य दिवस) में Sona Infracon Pvt. Ltd. द्वारा तकनीकी बीड में सफल उक्त दोनों निविदाकारों के विरूद्ध परिवाद दिया गया। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दिनांक–17.09.2025 को उक्त परिवाद को अमान्य करते हुए M/s Veena Singh एवं Rai Raj Construction Pvt. Ltd. को सफल घोषित करने की अनुशंसा की गई।

तकनीकी बीड में सफल दोनों निविदाकारों के विरूद्ध Existing Commitment से संबंधित Engineer-in-Charge का प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं करने का परिवाद भी दिया गया था। दिनांक–17.09.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षोपरान्त् पाया गया कि SBD के Section-2 (Qualification Information) के कंडिका–1.4 के आलोक में स्वहस्ताक्षरित Existing Commitment निविदा में दर्शाया गया है। SBD के तहत् निविदा में संलग्न शपथ–पत्र का यह कथन कि निविदा में दिये गये सभी कागजात सही है, के आधार पर इन

दोनों निविदाकारों के स्वहस्ताक्षरित Existing Commitment के आधार पर इनकी Bid Capacity की गणना की गई थी। तदोपरान्त् विभागीय पत्रांक–7940(E)We दिनांक–26.11.2025 द्वारा निविदाकारों के Engineer-in-Charge से निर्गत, Uploaded Existing Commitment/Balance Work के अभिलेख की माँग की गयी। विभागीय पत्रांक–6158(S) दिनांक–09.07.2014 के आलोक में Bid Capacity द्वितीय प्रक्रम में है। अतः इस विभागीय पत्र एवं SBD के ITB Clause 22.4 के आलोक में M/s Veena Singh एवं Rai Raj Construction Pvt. Ltd. का संबंधित Engineer-in-Charge से निविदा की तिथि 01.09.2025 को Existing Commitment का प्रमाण–पत्र निर्गत कर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। साथ ही उक्त दोनों निविदाकारों को एक सप्ताह के अन्दर उक्त प्रमाण–पत्र संबंधित पदाधिकारी से प्राप्त करने हेतु निदेशित किया गया तथा इसे ससमय उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में निविदा में Non-Responsive घोषित करने की सूचना दी गई। निर्धारित समयावधि में M/s Veena Singh द्वारा दर्शाये गये कुल 10 कार्यों के Existing Commitment के प्रमाण–पत्र के स्थान पर सिर्फ दो कार्यो का प्रमाण–पत्र प्राप्त हुआ। अतः इन्हें SBD के ITB Clause 22.4 के आलोक में Non-Responsive घोषित करने की अनुशंसा की गई।

Rai Raj Construction द्वारा कुल 09 कार्यों का Existing Commitment निविदा के दर्शाया गया है। Engineer-in-Charge से प्राप्त प्रमाण–पत्र के आधार पर पाया गया कि इन्होंने दो कार्यों का Existing Commitment वास्तविक Existing Commitment से कम दर्शाया है।

प्रासंगिक पत्र के आलोक में Engineer-in-Charge से निर्गत प्रमाण–पत्र एंव Rai Raj Construction Pvt. Ltd. द्वारा निविदा में दर्शाये गये Existing Commitment की पुनः जाँच की गई। जाँचोपरान्त पाया गया कि Rai Raj Construction Pvt. Ltd. द्वारा OPRMC-II, Package No.-12B का Existing Commitment ₹2.00 करोड़ दर्शाया गया हे, जबकि कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बेगूसराय के पत्रांक–2263(अनु०) दिनांक–12.12.2025 द्वारा इनका Existing Commitment ₹10.95184 करोड़ प्रतिवेदित है। पुनः एक अन्य निविदा में कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बेगूसराय द्वारा सुधारोपरान्त् दिनांक–12.09.2025 को उक्त Package का और अधिक Existing Commitment ₹18.0925298 करोड़ प्रतिवेदित किया गया है। दूसरे कार्य एकरारनामा संख्या–01 SBD of 2022-23 के लिए Rai Raj Construction Pvt. Ltd. द्वारा निविदा में Existing Commitment ₹3.00 करोड़ दर्शाया है, जबकि कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बेगूसराय के पत्रांक–2263(अनु०) दिनांक–12.12.2025 द्वारा 01.09.2025 को इनका Existing Commitment ₹7.2163 करोड़ प्रतिवेदित है। उक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि Rai Raj Construction Pvt. Ltd. द्वारा निविदा में Existing Commitment वास्तविक राशि से कम दर्शाया गया है। इस प्रकार इन्होंने निविदा में गलत सूचना अंकित किया है। फलस्वरूप इन्हें SBD के ITB Clause 4.8 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की गई है।

वर्णित परिस्थिति में इस निविदा में भाग लेने वाले तीनों निविदाकार को तकनीकी बीड में असफल घोषित कर इस निविदा को रद्द करने की पुनः अनुशंसा की जाती है।

8. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

8.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2988(अनु०) दिनांक–17.09.2025 के माध्यम से निविदा की तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद/आपत्ति/अभ्यावेदन पर दिनांक–17.09.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा एवं विभागीय पत्रांक–7940(E)We दिनांक–26.11.2025 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3768(अनु०) दिनांक–15.12.2025 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–15.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं संशोधित अनुशंसा एवं मुख्य अभियंता, उत्तर के पत्रांक–174(अनु०) दिनांक–21.01.2026 द्वारा समर्पित प्रतिवेदन के साथ पुनः अनुशंसा के आधार पर सम्यक् विचारोपरान्त एवं समीक्षोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये जाते हैः–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल एक निविदाकार यथा Sona Infracon Private Limited के पत्रांक–MD/SIPL/2025-26/167 दिनांक–12.09.2025 द्वारा निविदा के तकनीकी बीड में सफल दो निविदाकारों यथा (1) M/S Veena Singh एवं Rai Raj Construction Pvt. Ltd. के विरूद्ध दिए गए परिवाद को मान्य करते हुए दोनों निविदाकारों यथा (1) M/S Veena Singh को SBD के ITB-Cl. 22.4, 4.5B(a) एवं (2) Rai Raj Construction Pvt. Ltd. को SBD के ITB-Cl.4.8 के तहत् निविदा के तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) उपभागीय ज्ञापांक–2940 दिनांक–11.09.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–11.09.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

(iii) विषयांकित कार्य के निविदा के तकनीकी बीड में किसी भी निविदाकार के सफल नहीं होने के फलस्वरूप बिहार लोक निर्माण संहिता–163 के तहत् निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निदेश मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाता है।

(iv) मुख्य अभियंता, उत्तर संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.2 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>उत्तर,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह– विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |
|---|---|---|---|

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–73/2025 872(E) पटना, दिनांक 05/02/2026

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग,बिहार, पटना।